Experts' Institute
8-D, Kutchery Road Prayagraj. Ph:9415368884
JAVA Comp. Applications
Python Robotics & AI

# ST. JOSEPH'S COLLEGE, PRAYAGRAJ
## FINAL EXAMINATION 2024
## CLASS – IX


Time: 3 Hrs | SUBJECT- HINDI | Max. Marks: 80

नोट :– यह प्रश्नपत्र दो भागों में विभाजित है – खण्ड–'क' एवं खण्ड–'ख'।
खण्ड–'क' के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
खण्ड–'ख' से कुल चार प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड–'क' (व्याकरण–40 Marks)

**प्रश्न–1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए–** **(15)**

1. आपकी प्रिय पुस्तक कौन सी है, और यह आपको क्यों प्रिय है, अपने विचारों को निबन्ध के रूप में लिखिए।
2. सुबह–सुबह की सैर से क्या लाभ है ? क्या आप प्रातः काल भ्रमण के लिए जाते हैं ? बताइए कि प्रातः काल का दृश्य कैसा होता है ?
3. आज की युवा पीढ़ी के हाथ में मोबाइल फोन उन्हें किस दिशा की ओर ले जा रहा है ? अपने विचार स्पष्ट कीजिए।
4. "परिश्रम ही सफलता का आधार है।" – इसको आधार बनाकर कोई लेख अथवा मौलिक कहानी लिखिए।
5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर कोई कहानी, घटना या लेख लिखिए, जिसका सीधा सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



**प्रश्न –2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** **(7)**

1. अपने मुहल्ले के पास पड़े खाली स्थान पर वृक्षारोपण के लिए सुझाव देते हुए वन विभाग के अधिकारी को एक पत्र लिखिए।
2. अपनी माता जी की बीमारी पर चिंता व्यक्त करते हुए, अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

EXPERTS' INSTITUTE

**प्रश्न–3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में लिखिए।**

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का राष्ट्रपति काल पूर्ण होने पर वे पटना के सदाकत आश्रम पहुँचे। उन्हें उस स्थान से अत्यधिक स्नेह था, क्योंकि एक युवा क्रान्तिकारी के रूप में वे वहाँ रह चुके थे। एक दिन उनका एक किसान मित्र किसी केस के सिलसिले में पटना आया था किसान ने सोचा कि अपने पुराने मित्र राजेन्द्र से मिल लेते हैं। देखें पहचानता है या नहीं ?

वह किसान सदाकत आश्रम पहुँचा और सिपाही से अन्दर जाने के लिए अनुमति माँगी। किसान से सिपाही ने प्रयोजन पूछा। किसान बोला, "बस हमें राजेन्द्र से मिलना है" सिपाही ने कहा अभी नहीं मिल सकते, साहब आराम कर रहे हैं। किसान नाराज होते हुए बोला। अरे भाई हम लोग आंदोलन में साथ थे, मिलने दो, सिपाही ने कहा– जाओ–जाओ सभी ऐसा ही कहते हैं।"

तभी राजेन्द्र बाबू ने भीतर से किसान मित्र की आवाज पहचानकर उसे अंदर आने को कहा। किसान अन्दर पहुँचा और यह देखकर हैरान रह गया कि राजेन्द्र बाबू बांस की चारपाई कर दरी बिछाकर लेटे हुए थे। इतने बड़े पद पर होने के बाद भी राजेन्द्र बाबू का साधारण रहन–सहन देखकर किसान चकित रह गया। राजेन्द्र बाबू किसान का हाथ पकड़कर रूआंसे होकर कहने लगे – हम अपने देश के लिए कुछ खास नहीं कर पाए किसान ने जब उनके बड़े महत्वपूर्ण राष्ट्रहितकारी कार्यों की चर्चा की, तब भी वे खेद जताते रहे, कि हम कुछ नहीं कर पाए। वस्तुतः देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान देकर भी स्वयं को अकिंचन मानने की प्रवृत्ति सही मायनों में बड़प्पन का लक्षण है।

1. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपना राष्ट्रपति काल पूर्ण होने पर कहाँ पहुंचे ? उस स्थान से उनका क्या लगाव था ? (2)
2. डॉ. राजेन्द्र से कौन तथा किस उद्देश्य से मिलने आया था ? (2)
3. किसान क्या देखकर हैरान रह गया ? और क्यों ? (2)
4. राजेन्द्र बाबू ने अपने किसान मित्र से क्या कहा और क्यों ? (2)
5. सही मायनों में बड़प्पन का क्या लक्षण बताया गया है ? (2)

**प्रश्न–4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए –**

1. 'असुर' शब्द का पर्यायवाची लिखिए। (1)
   (क) दानव–मानव (ख) रजनी–रजनीचर
   (ग) निशाचर–निराकार (घ) दानव–दनुज
2. 'नवीन' शब्द का विलोम लिखिए। (1)
   (क) नूतन (ख) प्राचीन (ग) अनवीन (घ) नवल
3. 'मधुर' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए। (1)
   (क) मधु (ख) मघुराई (ग) मधुरता (घ) मधुरापन
4. 'ग्राम' शब्द का विशेषण लिखिए। (1)
   (क) ग्रामिण (ख) ग्रामीणता (ग) ग्रामक (घ) ग्रामीण
5. 'करीगर' शब्द का शुद्ध रूप लिखिए। (1)
   (क) कारीगर (ख) कारिगर (ग) कारगीर (घ) कार्यगर
6. 'पत्थर की लकीर' मुहावरे का अर्थ लिखिए। (1)
   (क) लकीर खींचना (ख) निशान लगाना (ग) पक्की बात (घ) कच्ची बात

EXPERTS' INSTITUTE

7. **निर्देशानुसार उचित वाक्य लिखिए।** (1)

1. उसका पति अध्यापक है। (लिंग बदलकर पुनः लिखिए)
   (क) उसका पति अध्यापिका है।
   (ख) उसकी पत्नी अध्यापक है।
   (ग) उसका पत्नी अध्यापीका है।
   (घ) उसकी पत्नी अध्यापिका है।
2. रोहन का दोस्त श्याम परोपकार करता है। (वाक्य में परोपकारी शब्द का प्रयोग कीजिए) (1)
   (क) रोहन का दोस्त श्याम परोपकारी स्वभाव का है।
   (ख) रोहन का दोस्त श्याम परोपकारी है।
   (ग) रोहन का दोस्त परोपकारी है श्याम।
   (घ) श्याम रोहन का दोस्त परोपकारी है।

## खण्ड–ख– (साहित्य–40 Marks)
## साहित्य सागर (पद्य)

**निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –**

प्रश्न–5. *साईं सब संसार में, मतलब का व्यवहार।*
*जब लग पैसा गाँठ में तब लग ताकोयार।।*
*तब लग ताको यार,यार संग ही संग डोले।*
*पैसा रहे न पास, यार मुख से नहीं बोले।।*
*कह गिरिधर कविराय, जगत यहि लेखा भाई।*
*करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साईं।।*

1. संसार में लोग कैसा व्यवहार करते हैं और क्यों ? (2)
2. लोग मित्र किसे बनाते हैं ? और उसका क्या कारण है ? (2)
3. संसार के लोग किनसे बात करना पसंद नहीं करते और क्यों?समझाकर लिखिए। (3)
4. किस प्रकार के लोग बिरले होते हैं और क्यों ? समझाइए। (3)

पश्न – 6. *बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की*
*बहस बाद सुधि लीन्हीं,*
*बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,*
*हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।*
*मेघ आए बड़े बनठन के सँवर के।*

1. किसे बूढ़ा कहकर सम्बोधित किया गया है और क्यों ? (2)
2. 'हरसाया ताल लाया पानी परात भरके', इस पंक्ति से कवि का क्या तात्पर्य है– स्पष्ट कीजिए। (2)
3. उपर्युक्त पद के कवि का जीवन परिचय लिखिए। (3)
4. अर्थ लिखिए– 1. सुधि 2. ताल 3. किवार 4. जुहार 5. अकुलाई 6. मेघ (3)

EXPERTS' INSTITUTE

प्रश्न –7. *मैया मेरी, चंद्र खिलौना लैहौं*
*धौरी को पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुथैहौं।*
*मोतिन माल न धरिहौ उर पर, झंगुली कंठ न लैहौं।।*
*जैहौं लोट अबहि धरनी पर, तेरी गोद न ऐहौं।*
*लाल कहैहौं नंद बबा को, तेरो सुत न कहैहौं।।*
*कान लाय कछु कहत जसोदा दाउहिं नाहिं सुनैहौं।*
*चंदा हूँ ते अति सुंदर तोंहि, नवल दुलहिया ब्यैहौं।।*
*तेरी सौ मेरी सुन मैया, अबहीं ब्याहन जैहौं।*

1. उपर्युक्त पद में कौन अपनी माता से जिद कर रहा है और वह क्या चाहता है ? (2)
2. रूठे हुए बालक को मनाने के लिए माँ क्या कहती है ? तब बालक की क्या प्रतिक्रिया होती है ? (2)
3. उपर्युक्त पद के कवि का जीवन परिचय लिखिए। (3)
4. अर्थ लिखिए – 1. पय 2. बेनी 3. उर (3)
   4. कंठ 4. सुत 6. दाउहिं

## साहित्य सागर गद्य

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

प्रश्न–8. *''फैसला सुनकर रमजान की आँखों में खून उतर आया, सोचने लगा–''यह दुनिया न्याय नगरी नहीं, अंधेर नगरी है।'' चोरी पकड़ी गई तो अपराध हो गया। असली अपराधी बड़ी–बड़ी कोठियों में बैठकर दोनों हाथों से धन बटोर रहे हैं।*

1. रसीला का क्या अपराध था ? और वह किसके द्वारा पकड़ा गया ? (2)
2. किसने रसीला को क्या सजा सुनाई ? (2)
3. रमजान ने दुनिया को न्याय नगरी नहीं, अंधेर नगरी क्यों कहा ? समझाकर लिखिए ? (3)
4. असली अपराधी किन्हें कहा गया है, उन्हें दण्ड न मिलने का क्या कारण है, समझाइए।(3)

प्रश्न–9 *सिकुड़ते हुए मित्र ने कहा–*
*''भयानक शीत है। उसके पास बहुत कम कपड़े............. ।'*
*–यह संसार है यार। मैंने स्वार्थ की फिलासफी सुनाई।*

1. लेखक के मित्र की उदासी का कारण स्पष्ट करते हुए बताइए कि वह पहाड़ी बालक की सहायता क्यों नहीं कर सका ? (2)
2. 'यह संसार है यार– यह वाक्य आजकल के मनुष्यों की किस प्रवृत्ति का प्रतीक है। (2)
3. दूसरे दिन पहाड़ी लड़का किस होटल में नहीं आया और किसे क्या समाचार मिला?(3)
4. आदमियों की दुनिया ने पहाड़ी लड़के के पास क्या छोड़ा था और प्रकृति ने उसके साथ क्या किया ? (3)

प्रश्न–10. *दोनों भाइयों को गले मिलते देख वह आनंद से पुलकित हो गए और बोल पड़े*
*''बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं, बिगड़ा हुआ काम बना देती हैं।''*

1. दोनों भाई कौन हैं ? उनका परिचय दीजिए ? (2)
2. कौन दोनों भाइयों को गले मिलते देखकर आनंद से पुलकित हो गए ?उनके विषय में बताइए?(2)
3. बड़े घर की बेटी किसे कहा गया है ? उसका चरित्र चित्रण कीजिए ? (3)
4. 'बड़े घर की बेटी' पाठ से क्या शिक्षा मिलती है ? समझाकर लिखिए? (3)

EXPERTS' INSTITUTE

**********ALL THE BEST**********